हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 जनवरी 2026

06 सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे...




07 जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 खेल...





## समाचार संक्षेप

### क्षत्रिय खंगार समाज की जिला स्तरीय बैठक में जिलाध्यक्ष बने मंगल सिंह



**गुना।** क्षत्रिय खंगार समाज की जिला स्तरीय बैठक बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक, डॉ. अशोक ठाकुर द्वारा की गई। समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रही।बैठक के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों, और बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समाज के वरिष्ठजनों की सर्वसम्मति से रिटायर्ड सहायक उप निरीक्षक (जीआरपी) एवं अनुभवी समाजसेवी, मंगल सिंह ठाकुर को क्षत्रिय खंगार समाज के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका हृदय से स्वागत किया और समाजहित में उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व की अपेक्षा व्यक्त की।कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक आदरणीय डॉ. अशोक ठाकुर सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ समाजसेवियों ने समाज की एकता, शिक्षा जागरूकता, युवा मार्गदर्शन, सामाजिक सरोकार और संगठन विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न वक्ताओं ने समाज के विकास हेतु मिल-जुलकर कार्य करने पर जोर दिया।साथ ही समाजहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए, जिनके माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई और अंत में सभी सदस्यों ने समाज की उन्नति और एकता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।

### समूह आधारित गतिविधियों एवं महिला आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने सीईओ जिला पंचायत ने किया गोपीसागर डैम का भ्रमण



**गुना ।** महिला आत्मनिर्भरता एवं समूह आधारित आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा गोपीसागर डैम का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान डैम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में संभावित आजीविका गतिविधियों, महिला समूहों की सहभागिता तथा स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की गई। सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण, संसाधन एवं बाजार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसके साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अभियंता उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने क्षेत्र के समग्र विकास एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा भी निरंतर नवाचार पर जोर दिया जा रहा है, जिससे जिले में नई गतिविधियों के साथ साथ समूह की महिलाओं के रोजगार में भी वृद्धि हो रही है। जिला पंचायत द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 60 हजार रुपए की मदिरा जब्त



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में दिनांक 08/01/2026 को आबकारी वृत्त राघौगढ़ के प्रभारी मोहनीष शर्मा द्वारा ग्राम बड़ा आमल्या, झरपई पुरा, कोलारस, जामनेर में दबिश दी गई l दबिश के दौरान की 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 350 किलो ग्राम गुड़ लाहन बरामद की गई l लाने की असमर्थता के कारण लाहन को मौके पर नष्ट किया गया l उपरोक्त कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए l इस दौरान कुल 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 350 किलो ग्राम गुड़ लाहन बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य 60 हजार है। श्रीमान कलेक्टर महोदय के आदेश पर इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी I उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक जेम्मा एक्का एवं होमगार्ड सैनिक महेश पिल्लई की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

---

**रेलवे स्टेशन की ऐसी तस्वीर सामने आई है जहां सिस्टम नहीं संवेदनशीलता जिंदा दिखाई दी**

# एक बेहोश मां और उसका मासूम बच्चा लावारिस नहीं, संरक्षित हाथों में दिखा, पहुंचाए अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना रेलवे स्टेशन की ऐसी तस्वीर सामने आई है जहां सिस्टम नहीं संवेदनशीलता जिंदा दिखाई दी। जहां एक बेहोश मां और उसका मासूम बच्चा लावारिस नहीं संरक्षित हाथों में नजर आया ।

आमतौर पर सिस्टम के बंधे हुए हाथ और संवेदनशीलता से परे नजर आने वाले सरकारी मुलाजिम इस तरह से मानव मात्र के लिए समर्पित नजर कम ही आते हैं लेकिन याद का राजा वैसे दृश्य सामने आते हैं तो समझ में न केवल उनकी इज्जत बढ़ जाती है बल्कि हर कोई उन्हें दिल से दुआएं देता है।






#### क्या है पूरा मामला?

शनिवार शाम करीब 6:00 बजे गुना रेलवे स्टेशन के वेटिंग एरिया में करीब 40 साल की एक महिला बेहोशी की हालत में पड़ी मिली । महिला को तेज झटके आ रहे थे , हालात बेहद नाजुक थे जिसकी सूचना तुरंत मेडिकल टीम को पहुंचाई गई सूचना मिलते ही रेलवे मेडिकल टीम मौके पर पहुंची जिसमें शामिल डॉक्टर गौरव प्रताप सिंह नर्सिंग अधीक्षक आर मीना और ड्रेसर अवधेश शर्मा ने बिना देर किए प्राथमिक उपचार शुरू किया । महिला की जान बचाने के लिए हर सेकंड की कीमत थी महिला को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल गुना भेजा गया आरपीएफ के संदीप सैनी और महिला कांस्टेबल स्नेहा यादव पूरे समय साथ खड़े रहे।

#### बेहोश मां के साथ मिला 6 माह का दूध मुंहा

सबसे बड़ा सवाल तब उठा जब सामने आया महिला का 5 से 6 महीने का मासूम बच्चा ।' मां बेहोश ,कोई परिजन नहीं तो इस बच्चे की जिम्मेदारी कौन लेगा और यहीं पर देखने को मिली इंसानियत की असली तस्वीर जब रेलवे प्रशासन मेडिकल स्टाफ और आरपीएफ ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए बच्चे को रेड क्रॉस द्वारा संचालित बाल शिशु ग्रह में सुरक्षित पहुंचाया जहां बच्चे को दूध गर्म कपड़े और पूरा संरक्षण मिला।

#### दिल से काम करें तो मिलती हैं दुआएं

जब सिस्टम दिल से कम करें तो कोई भी लावारिस नहीं होता गुना रेलवे स्टेशन पर आज इंसानियत ने एक मासूम की जिम्मेदारी ली । और ऐसी मिसाल पेश कर दी जिसे खूब सराहना मिल रही है।

यहां यह भी लाज़मी हो जाता है कि जिन हाथों में सरकार ने जिम्मेदारी सौंप है बे अगर अपने पूरे पावर का सही ढंग से इस्तेमाल करें तो शायद अपने कर्तव्य का भी निर्वहन ईमानदारी के साथ कर पाएंगे और उसके अलावा जो आमजन से उन्हें दुआएं मिलती हैं उसका कोई मोल नहीं होता।

---

**नगर पालिका ने मारा पॉलीथिन माफिया पर छापा**

# ट्रांसपोर्ट से की गई सवा टन अमानक पॉलीथिन बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगरपालिका की सख्त कार्रवाई ने रविवार को शहर में फल-फूल रहे पॉलीथिन माफिया की पोल खोलकर रख दी। प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम खपाई जा रही सवा टन (1200 किलो) अमानक पॉलीथिन की खेप एक ट्रांसपोर्ट कार्यालय से बरामद की गई।

हैरानी की बात यह रही कि इतनी बड़ी खेप बिना किसी वैध दस्तावेज, बिना भेजने वाले और बिना प्राप्तकर्ता के नाम शहर में कैसे पहुंच गई—यह बड़ा सवाल खड़ा कर गई है। यह खेत गुना से आगे बढ़ पाती है इसके पहले नगर पालिका की टीम ने माल सहित वहां को धर दबोचा और भांड़ा फोड़ हो गया।

#### ग्राहक बनकर पहुंची नपा की टीम

नगरपालिका की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के पश्चात बड़े ही नाटकीय ढंग से अपने आप को ग्राहक बताते हुए ट्रांसपोर्ट के संचालक को बातों में उलझाया और पूरी गुप्ता ट्रांसपोर्ट पर अचानक दबिश दी, जहां जांच के दौरान 40 कट्टों में भरी प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद हुई। जब अधिकारियों ने मालिक से संबंधित कागजात मांगे तो ट्रांसपोर्ट कार्यालय पूरी तरह खाली हाथ नजर आया। न तो बिल, न चालान, न ही किसी प्रकार का वैध रिकॉर्ड मौजूद था।

#### ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के सहारे चल रहा अवैध कारोबार

स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव के अनुसार, यह खेप जीटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से भेजी गई थी और इसे आगे ब्यावरा पहुंचाया जाना था। पूछताछ में ट्रांसपोर्ट संचालक की ओर से सिर्फ इतना कहा गया कि यह माल संभवतः ब्यावरा निवासी मनीष नामदेव का हो सकता है। लेकिन करोड़ों के पर्यावरण नुकसान वाली इस खेप के लिए एक भी दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका।

> **पर्यावरण के साथ खिलवाड़ पर करारा प्रहार**
>
> यह कार्रवाई न केवल अवैध कारोबार पर चोट है, बल्कि उन लोगों के लिए भी चेतावनी है जो पर्यावरण नियमों को ठेंगा दिखाकर मुनाफा कमाने में लगे हैं। कार्रवाई के दौरान डिफेंस जादौन की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही, जिनके सहयोग से पूरी खेप जब्त की जा सकी।

#### नगर पालिका की चेतावनी, अब नहीं बख्शा जाएगा

करीब डेढ़ लाख रुपए मूल्य की प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़े जाने के साथ ही नगरपालिका अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि शहर में पॉलीथिन प्रतिबंध से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आगे भी ट्रांसपोर्ट, गोदामों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगातार छापामार कार्रवाई की जाएगी। दोषियों के खिलाफ और सख्त कदम उठाने की बात भी कही गई है।

---

## गांजा तस्करी एवं क्रय-विक्रय में संलिप्त 5 आरोपियों को धरदबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जहां गुना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा करते हुए नशा तस्करों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है।गु ना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी की नशा मुक्त जिला बनाने की मुहिम के तहतफतेहगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुएगांजा तस्करी और क्रय–विक्रय में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास सेकरीब 2 किलो अवैध गांजा, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये,और तस्करी में इस्तेमाल की जा रहीबिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है।कुल मिलाकर करीब 1 लाख 20 हजार रुपये का माल पुलिस के कब्जे में है।

दरअसल, 17 जनवरी की शाम फतेहगढ़ पुलिस अनारद चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सिलावटी गांव की ओर से आ रहे दो युवकपुलिस को देखते ही अचानक बाइक मोड़कर भागने लगे।संदेह होते ही पुलिस ने पीछा किया, घेराबंदी कीऔर दोनों आरोपियों को मौके पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 1 किलो 930 ग्राम गांजा बरामद हुआ।पकड़े गए आरोपियों की पहचान इंद्रकुमार सामरिया और अखलाख,दोनों निवासी जिला बांरा, राजस्थान के रूप में हुई।

#### पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ

गांजा बिशनवाड़ा गांव के बब्लू मेहता और केशव सेन से खरीदा गया था,और इन दोनों को गांजा फतेहगढ़ निवासी रामेश्वर उर्फ खन्ना मीना द्वारा सप्लाई किया गया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुएआज 18 जनवरी को दो और आरोपियों बब्लू मेहता और केशव सेन को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मुख्य सरगना रामेश्वर मीना फरार है,जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

#### सीधी चेतावनी नशा तस्करों के लिए

गुना पुलिस अब नशे के सौदागरों को किसी भी हाल में नहीं बख्शेगी। तस्करी, सप्लाई और बिक्री —हर कड़ी को तोड़ा जाएगा। और आम जनता से अपील की अगर कहीं भी नशे की तस्करी या बिक्री की सूचना मिले,तो तुरंत पुलिस को दें।आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।गुना पुलिस साफ कह चुकी है -नशा मुक्त गुना जिला सिर्फ नारा नहीं, मिशन है।

---

## गुजरात से असम ले जाई जा रही थी अमानक पॉलिथीन की खेप, 46 हजार रुपए का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

धरनावदा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित पॉलिथीन के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अमानक पॉलिथीन जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुजरात से असम ले जाई जा रही प्रतिबंधित पॉलिथीन एक ट्रक के माध्यम से जिले से होकर गुजर रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने पगारा टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर ट्रक को रोका और तलाशी ली।जांच के दौरान ट्रक से 309 बैग, प्रत्येक 30 किलोग्राम के मान से कुल 9.27 टन प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की गई।



प्रारंभिक जांच में पॉलिथीन का परिवहन नियमों के विरुद्ध पाया गया। मामले की सूचना नगर पालिका एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग को दी गई, जिनके द्वारा मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई की गई। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण में 46 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

### तिजोरी से चांदी निकलने के शोर ने मचाई हलचल

**गुना ।** शहर के कर्नलगंज क्षेत्र में उस समय गहमागहमी की स्थिति बन गई, जब एक पुरानी तिजोरी से भारी मात्रा में चांदी के जेवरात निकलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। हालांकि, जब तक लोग इसे किस्मत का खेल समझते, पुलिस की जांच ने इस रहस्य से पर्दा उठा दिया और सारा मामला महज एक अफवाह साबित हुआ। पूरा मामला हाजी चौक स्थित कबाड़ी दुकान से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि कबाड़ी ने बामोरी के बागेरी गांव निवासी गोवर्धन मीणा से एक पुरानी और बंद तिजोरी खरीदी थी। जब दुकान पर इस तिजोरी का ताला तोड़ा गया, तो उसके भीतर से चांदी जैसी चमक वाली वस्तुएं, ताबीज और पायल नुमा आभूषण दिखाई दिए।

---

**सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्म स्वेटर एवं ट्रैकसूट का वितरण किया**

# नपाध्यक्ष ने सफाई कर्मियों को गर्म कपड़े वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा नगर के सफाई योद्धाओं एवं गैंगमैनों के हित में एक सराहनीय पहल करते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। प्रातः नगर पालिका कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जोन क्रमांक एक एवं दो के सफाई मित्रों और गैंगमैनों को ट्रैकसूट, जबकि महिला सफाई कर्मचारियों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष गुप्ता ने सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे निर्धारित ड्रेस को नियमित रूप से पहनें, जिससे कार्य के दौरान उनकी पहचान के साथ-साथ सुरक्षा और सुविधा भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने नगर पालिका के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार को निर्देश दिए कि वितरण किए जा रहे कपड़ों का विधिवत स्टॉक पंजी संधारण किया जाए, ताकि भविष्य में रिकॉर्ड सुव्यवस्थित रहे।नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा विगत वर्ष भी सफाई कर्मचारियों को दो जोड़ी यूनिफॉर्म के साथ गर्म कपड़े वितरित किए गए थे। इसी क्रम में इस वर्ष पुनः सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्म स्वेटर एवं ट्रैकसूट का वितरण किया जा रहा है, जो नगर के सभी सफाई कर्मचारियों को चरणबद्ध प्रदान किए जाएंगे।




उन्होंने कहा कि सफाई योद्धा नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना नगर पालिका की प्राथमिकता है। शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं जैसे गमबूट, ग्लव्स, सुरक्षा उपकरण, साबुन आदि समय-समय पर सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।कार्यक्रम के दौरान नीलम राठौर, अमित कुमार, बृजमोहन खरे, महाराज सिंह दरोगा सहित संबंधित वार्ड प्रभारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं उन्हें कार्य करने के लिए और अधिक प्रेरित करती हैं।

## समाचार संक्षेप

### सिंगल यूज पॉलिथीन पर कार्रवाई, 46 हजार रुपए की चालानी वसूली

**राघोगढ़।** नगरपालिका क्षेत्र राघौगढ़ विजयपुर में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में एसडीएम अमित सोनी के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज़ सिंह यादव एवं धरनावदा थाना प्रभारी प्रभात कटरे द्वारा सिंगल यूज पॉलिथीन के विरुद्ध सघन अभियान अंतर्गत हलोल गुजरात से गोहाटी के लिए जाने वाले ट्रक से 309 बैग प्रति बैग 30kg के मान से 9270kg पालीथीन जब्त की गई।इस मौके पर प्रदूषण विभाग जे. एस डी एस यादव, नगर पालिका उपयंत्री विशाल शर्मा,अनुराग शर्मा , रूठियाई चौकी प्रभारी साजिद हुसैन,नगर पालिका अमला उपस्थिति रहा।



### महाविद्यालय में हुआ युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह का समापन

**राघोगढ़।** शासकीय महाविद्यालय, राघोगढ़ में मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में युवा दिवस के उपलक्ष्य में 'सेवा सप्ताह' का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ माया परस्ते ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी हीरालाल पटेल एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ राजीव कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय कुशवाहा ने किया सेवा सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं जन जागरूकता के लिए रैली, रक्त परीक्षण शिविर एवं अंतिम दिवस सूर्य नमस्कार, योगाभ्यास एवं दौड़ का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा बघेल ने और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा अहिरवार ने एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में ओम चक्रवर्ती (पक्ष) व सोनू सैनी (विपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की अंत में आभार डॉ. निसार अहमद गनी ने माना।



### शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय ग्वालियर में प्रवेश परीक्षा 2026-27 के लिए आवेदन प्रारंभ

**गुना।** शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय, एयरपोर्ट रोड, महाराजपुरा, ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह विद्यालय मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मध्य एम.ओ.यू. के माध्यम से संचालित है।विद्यालय में मध्यप्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पूर्णतः निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जाती है। यह प्रवेश परीक्षा ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों भिंड, मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर, अशोकनगर, गुना, दतिया एवं शिवपुरी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 20 दिसंबर 2025 से 28 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी www.mpsos.nic.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

# कलश यात्रा, पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सहभोज के साथ आयोजन संपन्न






हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा


जिले के उमर थाना मंडल अंतर्गत ग्राम झुकरा में विराट हिंदू सम्मेलन अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के पांच अलग-अलग ग्रामों से विशाल कलश यात्राएं निकाली गईं, जो सागोडीया की पठार पर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर एकत्रित हुईं। कलश यात्राओं में मातृशक्ति, युवा एवं प्रौढ़ वर्ग की बड़ी सहभागिता रही। सम्मेलन में हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन, तुलसी पूजन एवं कन्या पूजन के साथ विधि-विधानपूर्वक किया गया। इन पूजनों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया गया। वक्ताओं के उद्बोधन से पूर्व आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह प्रचारक श्री प्रेम शंकर जी का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता, संगठन और समरसता पर विशेष बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन— सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों— के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।ग्रामीण जनों द्वारा मुख्य अतिथि का पारंपरिक रीति-रिवाजों से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें तीर-कमान का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा एवं गौरव का प्रतीक है।कार्यक्रम में मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीमती अर्चना जादौन ने नारी शक्ति की महत्ता को रेखांकित करते हुए कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने विचार रखे और सशक्त परिवार व्यवस्था को सशक्त समाज की नींव बताया।वहीं श्री रामानंद संत आश्रम के महंत महाप्रभु दास जी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया तथा कहा कि श्रीराम के चरित्र से ही समाज को दिशा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम के पांड एवं संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति मंच पर रही, जिससे आयोजन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा और अधिक बढ़ी।कार्यक्रम के समापन अवसर पर भारत माता की भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सहभोज में सहभागिता कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया।विराट हिंदू सम्मेलन ने क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संगठन एवं राष्ट्रभावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

## बाराह अवतार, कपिल उपदेश और ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन

**आरोन में श्रीमद् भागवत कथा : तृतीय दिवस पर**

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कथा का प्रभावशाली वाचन कथावाचक पं. रामदयाल शास्त्री जी द्वारा किया गया।तृतीय दिवस की कथा में पं. शास्त्री जी ने सर्वप्रथम भगवान विष्णु के द्वादश अवतारों का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान ने अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए विभिन्न रूपों में अवतार धारण किए। इसके पश्चात महर्षि कर्दम ऋषि एवं माता देवहूति के विवाह का प्रसंग तथा उनसे उत्पन्न नौ कन्याओं के जन्म और उनके महत्व का वर्णन किया गया।कथा क्रम में भगवान कपिल के अवतार का विशेष उल्लेख करते हुए पं. शास्त्री जी ने माता देवहूति को सांख्य योग, शब्द, कर्म, बंधन एवं मुक्ति—कर्म मुक्ति का गूढ़ उपदेश सुनाया। उन्होंने बताया कि आत्मज्ञान, भक्ति और वैराग्य से ही जीव मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है।इसके उपरांत कथा में सती चरित्र, माता पार्वती एवं भगवान शिव के विवाह तथा ध्रुव जी के चरित्र का भावपूर्ण आख्यान प्रस्तुत किया गया। ध्रुव की अटूट भक्ति और तपस्या का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।तृतीय दिवस की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा वातावरण भक्ति रस से ओत-प्रोत रहा और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से पंडाल गूंज उठा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से नित्य प्रति कथा में आने का आग्रह किया।



## सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में जन्मदिन पर कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह मनोज भदोरिया द्वारा अपने पुत्र मानव भदोरिया का जन्मदिवस जिला चिकित्सालय स्थित सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में विधिवत पूजा अर्चन कर मनाया गया। पंडित फनेंद्र चक्रवर्ती एवं सुनील पांडे द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करके जन्मदिन सनातन पद्धति द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर सेवा भारती जिला अध्यक्ष डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी, भोजनालय अध्यक्ष काशीराम औरैया, सेवा भारती वरिष्ठ सदस्य भवरलाल पंत, रामबाबू कश्यप, हरेंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह सेंगर एवं रोहित सुमन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत मनोज भदोरिया परिवार द्वारा उपस्थित सभी रोगी परिजनों को स्वादिष्ट भोजन करवाया गया तथा श्री भदौरिया के परिवार ने भी सभी रोगी परिजनों के साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। सेवा भारती परिवार द्वारा मानव को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकमनाएं दी।




## सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश आज मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड गुना अंतर्गत स्थानीय पी जी कालेज के सभागार किया गया । इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल द्वारा इस कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंति के उपलक्ष्य मे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव निर्देशानुसार मध्यप्रदेश मे संचालित सभी योजनाओ का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचे । इसके लिए ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की शुरुआत की गई है यह अभियान स्वामी विवेकानंद जयंति 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तक जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक चलाया जायेगा ।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सासंद प्रतिनिधी हरिसिंह यादव जी द्वारा कहा गया कि हम सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारी से शासन की प्रत्येक योजना की जानकारी व लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही हम सभी अपनी भूमिका का निर्वाहन करने तो हमारा देश तथा प्रदेश विकसित होगा व्यक्ति के जीवन मे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ से अमूल परिवर्तन हो रहे है । इस कार्यक्रम के माध्यम से हम स्वामी जी के सपनो को साकार करेंगे कार्यक्रम मे मुख्यवक्ता मोनू जी रघुवंशी जी द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारो पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जो आज शासन द्वारा किया जा रहा है वो ही स्वामी जी का सपना था व्यक्ति का सामाजिक सुधार हो तथा आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समृध्द हो कार्यक्रम मे शहरी विकास अभिकरण के शिवम द्विवेदी द्वारा शासन की योजनाओ के विषय मे जानकारी प्रदान की कार्यक्रम मे रेडक्रास सोसाइटी के डा रामवीर सिह द्वारा सभी को समान की योजनाओ की जानकारी प्रदान की गई । हार्ट फुल नैस की अंबिका शर्मा द्वारा सभी को ध्यान कराया गया अंत मै रैली तथा मानव श्रंखला बनाकर स्वदेशी की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम मे नवांकुर संस्था , प्रस्फुटन समिति परामर्शदाताओ सहित छात्र छात्राये उपस्थित थे।




## 20 क्विंटल सोयाबीन चोरी करने वाले चार आरोपियों को एक दिन में किया गिरफ्तार




**अशोकनगर।** चंदेरी में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन मे थाना प्रभारी चंदेरी द्वारा सोयाबीन चोरो को महज एक दिन मे 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर सोयाबीन जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

आवेदक भानू कुमार पुत्र स्व. भूरेलाल मोदी जाति जैन उम्र 63 साल निवासी 27 राजघाट रोड शाह विलास दरगाह के सामने चंदेरी ने 17 जनवरी को उपस्थित होकर आवेदन पत्र सोयाबीन चोरी हो जाने के संबंध में अवगत कराया था। जिसमें कहा गया था मेरी पुरानी गल्ला मंडी चंदेरी में अनाज का रखने का गोदाम है। जिसमें मेरा सोयाबीन रखा हुआ था। जिसे मैं हर दो चार दिन में देखने जाता रहता हूं। 12 जनवरी के दिन में 12 बजे मैं अपने मिलने वाले राजेश कुमार कठरया के साथ गोदाम चैक करने गया था। गोदाम को खुलवाकर देखा तो सोयाबीन की बोरियां सही सलामत रखी थी। फिर मैं 17 जनवरी को दिन में करीबन 11 बजे सुबह गोदाम को चैक करने गया तो गोदाम के पीछे वाली दीवार की खिडकीयां खुली थीं। खिडकी के आसपास व बाहर सोयाबीन बिखरा पडा था। कोई अज्ञात चोर मेरे गोदाम में पिछली तरफ वाली खिडकी से घुसकर खिडकी के पास जूट के बोरों में रखा करीब 20 क्विंटल सोयाबीन कीमती करीब 1,05,000 हजार रूपये चोरी कर ले गया है।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरीका मामला दर्ज किया था। चोरों की तलाश करने के लिए 1 पुलिस टीम गठित भी की गई थी। मुखबिर की सूचना पर से जगदीश उर्फ छोटू कोरी को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गयी। पूछताछ में बताया कि मेरे व मेरे साथी हल्के उर्फ राजपाल पुत्र चंद्रभान सिंह परिहार, मुनाफ पुत्र अकरम अंसारी, आकाश उर्फ शाहरुख पुत्र शहीद राईनस निवासी गण निवासी पुरानी बुनकर कालोनी चंदेरी जिला अशोकनगर के साथ मिलकर लगभग दो से तीन बार फरियादी के वेयरहाउस से सोयाबीन चोरी करना बताया। बाद सभी आरोपीगणो को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी। पुलिस ने आरोपी जगदीश पुत्र हरनारायण कोली से 2 क्विंटल, हल्के उर्फ राजपाल परिहार से 5 क्विंटल, मुनाफ अंसारी से 03 क्विंटल, शाहरुख उर्फ आकाश राईन से 10 क्विंटल सोयाबीन उनके द्वारा छुपाये गये स्थान से जप्त किया गया।

## शाढ़ौरा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर शिव नगर शाढ़ौरा में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक भव्य विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हिंदू धर्मावलंबियों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता और सनातन धर्म को संगठित करने का संकल्प लिया।

**संतों और मुख्य अतिथियों का मार्गदर्शन :** कार्यक्रम संत समाज, मातृशक्ति और मुख्य अतिथि महेश चैधरी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मंच पर विराजमान मल्हारगढ़ के महंत रामचंद्र दास ने अपने उद्बोधन में कहा हम सब हिंदू एक हैं। हमारे धर्म में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। आज धर्म की रक्षा के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने लव जिहाद जैसी चुनौतियों के प्रति सचेत करते हुए बालिकाओं के धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त की।



**राष्ट्रवादी विचारधारा पर जोर:** सम्मेलन के मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चैधरी संगठित हिंदू-समर्थ भारत का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म हमारी रक्षा करेगा (धर्मो रक्षति रक्षितः)। संत रामचंद्र दास ने जनसंख्या असंतुलन पर चेतावनी देते हुए कहा कि धार्मिक उदासीनता और जातिवाद समाज के लिए घातक है। उन्होंने आग्रह किया कि हमें केवल परिवर्तन की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि स्वयं को धर्म और राष्ट्र के लिए समर्पित करना होगा।

**सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुतियां:** कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, गौ-माता के पूजन और बालिकाओं के द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। भजन संध्या प्रसिद्ध गायक बबलू जी पाठक के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शपथ कार्यक्रम के अंत में हिन्दव सोदरा सर्वे (सभी हिंदू भाई हैं) के मंत्र के साथ भारत माता की आरती की गई और समाज की एकजुटता की शपथ ली गई।

### मातृशक्ति की भूमिका और सामाजिक संदेश

कार्यक्रम में मातृशक्ति की ओर से रश्मि रघुवंशी ने अपने विचार रखें महिलाओं से अपील की गई कि वे बच्चों को संस्कारवान बनाएं और उन्हें धर्म के शत्रुओं व मित्रों की पहचान कराएं। मुख्य वक्ता ने जोर दिया कि अभिभावकों को बच्चों के सामने स्वयं आदर्श व्यवहार प्रस्तुत करना चाहिए। अतिथियों का सम्मान फूल-माला व श्रीफल भेंट कर किया गया। अंत में सभी ने सामूहिक भोज में सम्मिलित होकर सामाजिक समरसता का अनुपम संदेश दिया।

## नदी किनारे खेतों में छिपाई गई टंकियों में 1400 लीटर लहान मिला, अवैध शराब भी बरामद



**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बिजलीपुर के समीप आवकारी विभाग के अमले ने नदी के किनारे 8 टंकियां बरामद की हैं जिसमें अवैध शराब बनाने का सामान रखा हुआ था। जिसमें 1 हजार 4 सौ लीटर लहान को नष्ट किया गया तथा 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई। इसी प्रकार जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत संजय सांसी निवासी बीना फाटक के पास मुंगावली के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। इसी प्रकार चन्देरी पुलिस ने माधवनगर चंदेरी निवासी सुनीता आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कचनार पुलिस ने नन्नूलाल बंजारा निवासी फतेहपुर के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम सेमरी लोहाबाद निवासी अशोक कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## पिपरौदा में प्राकृतिक कृषि पर कार्यशाला का आयोजन हुआ

**ईसागढ।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती हेतु चयनित क्लस्टर ग्राम के किसानों को प्राकृतिक कृषि को अपनाने जागरूकता हेतु किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार यादव, किसान संघ के तहसील अध्यक्ष बृजभान यादव गीता स्वाध्याय के इंद्रभान सिंह यादव किसान संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रघुवंशी,जय मंडल यादव, किसान संघ के पदाधिकारी रणवीर यादव, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष बलवंत सिंह यादव, गांव के सरपंच तथा बड़ी संख्या में किसान भाइयों ने भाग लिया। चर्चा दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ बी एस गुप्ता ने प्राकृतिक खेती एवं उनके घटकों के बारे में विस्त्रत चर्चा की।

## अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद का संक्रांति मिलन व हरि कीर्तन सम्पन्न



**अशोकनगर।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद के तत्वावधान में संक्रांति मिलन समारोह एवं हरि कीर्तन का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में समस्त रघुवंशी महिला शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। परिषद की प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी भी समारोह में सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान हरि कीर्तन से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए और एक-दूसरे को संक्रांति पर्व की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के माध्यम से समाज की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रितु रघुवंशी एवं सीमा रघुवंशी का विशेष योगदान रहा, साथ ही परिषद की सभी बहनों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## गहोई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में समाज में विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया

**अशोकनगर।** गहोई (गुप्ता) समाज द्वारा छैला बाग मंदिर गौशाला पर गहोई दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में समाज में विशिष्ट कार्यों के लिए समाज के अनेक जनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशुतोष गुप्ता उप निरीक्षक पुलिस, विशिष्ट अतिथि शुभम रेजा, शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, सारस्वत अतिथि इंदौर से पधारे डॉ गौरव गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से राकेश बरया अध्यक्ष श्री गहोई वैश्य पंचायत एवं सुशीला नौगरैया अध्यक्ष श्री गहोई वैश्य महिला मंडल, अशोकनगर ने की। अतिथियों के आगमन पश्चात राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त एवं भगवान सूर्य देव के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गहोई ध्वज वंदना का गायन जूली सेठ ने किया। अतिथियों का स्वागत राकेश बरया, सुशीला नौगरैया, अरुणा सेठ, नेहा पिपरसानियाँ, अनीता खैरा, मनीषा राकेश छिरौल्या, राहुल छिरौल्या, मोहन खैरा, राजेश बड़कुल, सुनील सेठ, सुधीर नौगरैया, सविता नौगरैया, अवधेश खैरा, रामबाबू बृजपुरिया, राधा मोहन गुप्ता, नवीन पिपरसानियाँ ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण गहोई वैश्य महिला मंडल की अध्यक्ष सुशील गुप्ता द्वारा किया गया। गहोई इतिहास के संबंध में मोहन खैरा, आभा छिरोल्या, सुधीर नौगरैया, राम गुप्ता, आयुष्मान गुप्ता, अनीता गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए। मीनाक्षी छिरौल्या ने शानदार भजन पायोजी मैंने राम रतन धन पायो का गायन किया। समाज द्वारा समाज में वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया जिसमें सुशीला छिरौल्या, द्वारका प्रसाद छिरौल्या, गुलाब चंद्र खैरा, रामदेवी गुप्ता का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि शुभम रेजा ने बताया कि जब समाज बढ़ता है तो उसी के भीतर नई पहचान और परंपराओं के साथ एक दूसरा समाज भी बढ़ने लगता है और एक समय बाद वह अपनी स्वतंत्र पहचान निर्मित कर लेता है। इसी तरह जब वैश्य समाज बढ़ा तो उसमें से कई अन्य समाजों की उत्पत्ति होती गई और उन्हें में से एक है गहोई समाज। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशुतोष गुप्ता ,उप निरीक्षक ने बताया कि 1914 में नरसिंहपुर निवासी नाथूराम रेजा ने गहोई वैश्य महासभा का गठन कर प्रथम अधिवेशन नागपुर में संपन्न कराया। इसके लिए अनेक गहोईयों ने सहयोग किया। अन्य वक्ताओं में सुधीर नौगरैया ने बताया की गहोई समाज की संपूर्ण जानकारी फूलचंद सेठ द्वारा लिखा ग्रंथ गहोई सुधा सागर में मिलती है। इसके अलावा शिव पुराण के अध्याय 13 से 20 में मिलती है। गहोई दिवस गहोईयों के गौरव, विरासत और सामाजिक एकजुट का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता( शिक्षक) द्वारा किया गया। समाज में विशिष्ट कार्य करने के लिए अशोक सेठ (पूर्वअध्यक्ष) ,राकेश छिरौल्या( पूर्व अध्यक्ष), कैलाश नौगरैया (पूर्व अध्यक्ष), रिंकल सेठ, रिचा मनोज छिरौल्या, दिनेश छिरौल्या का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर अतिथियों का सम्मान किया गया।



**खबर संक्षेप**

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी अजय साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरेन्द्र रघुवंशी ने फरियादी व उसके भाई से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुढैरी निवासी हरपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन, जगतपाल, रामपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेहटवास निवासी अनिल चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी केदार राजपूत ने फरियादी के पिता के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अथाईखेड़ा निवासी चैन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू अहिरवार और राजकुमार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरौला निवासी आशा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामराजा यादव, मिथलेश बाई, महेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## दो बाईक आपस में टकराई

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत सिंहपुर घाटी चंदेरी पिछोर रोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। एक बाईक चालक शाकूलाल यादव निवासी ग्राम पांडरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67 एमजे 8320 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

## दिगम्बर जैन महासमिति ने नेत्र शिविर का आयोजन किया

**अशोकनगर।** रविवार को दिगम्बर जैन महासमिति संभाग शाखा अशोकनगर के तत्वावधान में तृतीय नेत्र शिविर का आयोजन ओसवाल भवन अशोकनगर में रखा गया। जिसमें श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनन्दपुर के डाक्टरों ने मरीजों की जांच की जिसमें 160 में से 65 मरीज आपरेशन के लिए चयनित कर बस द्वारा आनन्द पुर भेजे गए। इस नेत्र शिविर के पुण्यार्जक पवन जैन थे। कार्यक्रम की शुरुआत में ईश वंदना की गई। दीप प्रज्वलन जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासल, श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र कोचर, गांव जैन मन्दिर के संयोजक मनीष सिंघई ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत माल्यार्पण एवं पट्टिका पहना कर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

### लोकार्पण का इंतजार, 1903 में प्रांरभ हुआ था डाकघर

# शहर में डाकघर विभाग की नई इमारत बनकर हुई तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर भारतीय डाक विभाग की नई इमारत बनकर तैयार हो गई है। इस नए भवन को लोकार्पण का इंतजार है ताकि शहर के लोगों को डाक संबंधी सुविधाओं के लिए शहर से बाहर चल रहे निजी भवन के कार्यालय में जाने से मुक्ति मिल सके। इस नए भवन के लोकार्पण का इंतजार है स्थानीय सांसद और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा इसका लोकार्पण होना है।

जिला मुख्यालय पर डाकघर विभाग का भवन पुराने समय से चला आ रहा था यह भवन जब से यह शहर बसा है तब से इसी स्थान पर चला आ रहा था। पोस्ट निरीक्षक के पद पर रहे सेवा निवृत कमल बड़कुल का कहना है कि यह डाकघर भवन की शुरुआत 1903 में हुई थी यह सब अंग्रेजी हुकूमत के दौरान प्रारंभ हुआ था और तब से यह भवन चला आ रहा था। पूर्व में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस की सरकार में संचार मंत्री बने थे तब उनके द्वारा इस पुराने भवन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया था लेकिन भवन में जगह नहीं होने के कारण यहां प्रत्येक शाखा ठीक से काम नहीं कर पा रही थी। जिसके कारण कर्मचारियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा था और उपभोक्ताओं को भी परेशानियों से जूझना पड़ रहा था। यह भवन पुराने भवन के स्थान पर तोड़कर नया बनाया गया है जो मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग पर है जो शहर के बिल्कुल बीचो-बीच है जिससे आम नागरिकों को सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो जाती हैं। इस भवन का निर्माण नए सिरे से किया गया है यह भवन अंग्रेजी हुकूमत के दौरान बना आजाद भारत का गवाह भी था और वर्तमान समय में भी भवन यहां देखा जा सकता था इस भवन के समय की कई यादें भी जुड़ी है। स्वर्गीय मंगल चंद्र गुप्ता जब थे तब उनका कहना था उन्होंने अपने 90 साल की उम्र में इसी स्थान पर डाकघर देखा है उस समय के लोग अनेक है जिनका डाकघर से नजदीक का नाता रहा है। उस समय डाकघर संचार के साधनों में सबसे महत्वपूर्ण महकमा होता था आज महकमा सुविधाओं के साथ आधुनिक दिशा में बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में वर्तमान भवन के स्थान पर यहां नया भवन बनाया गया है। पहले यहां आवास के क्वार्टर भी हुआ करते थे भवन का निर्माण आधुनिक तरीके से किया गया है, इस भवन के निर्माण को लेकर काम लगातार जारी है और कभी भी इसका लोकार्पण हो सकता है पहले कभी एक जमाने में डाकघर संचार साधन के सबसे बड़े विभाग थे। लेकिन जैसे जैसे समय बदलता गया वैसे वैसे उपयोगिता कम होती गई। अब पोस्ट कार्ड, अंतरदेशी और लिफाफे नजर नहीं आते, चिठिठीयों का स्थान व्हाटस्एप और फेसबुक ने ले लिया है। कोरियर सेवाएं भी चल रहीं है और इंटरनेट का युग है। ऐसे में डांक विभाग अब पुराने तर्ज के स्थान पर नए आधुनिक सुविधाओं के साथ बैंकिंग सुविधाओं के साथ चल रहे हैं।



## जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस खेल सम्पन्न



**अशोकनगर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन आदित्य सिंह कलेक्टर एवं राजीव कुमार मिश्रा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे किया जा रहा है।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र भारद्वाज, डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी मंत्री भाजपा, हरिसिंह रघुवंशी, प्रमोदकुमार जैन उपाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट अशोकनगर सम्मिलित रहे। अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि इन खेलों का आयोजन युवाओं को अधिक से अधिक खेल से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। रविवार को बास्केटबॉल, हॉकी, क्रिकेट, एथलेटिक्स आदि खेल का आयोजन कराया गया। लगभग 300 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। बास्केटबॉल के मुकाबले प्रह्लाद श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा द्वारा संपन्न करवाए गए। हॉकी मैच के के चतुर्वेदी जी द्वारा संपन्न करवाए गए एवं बैडमिंटन मैच पीयूष शाक्य द्वारा संजय स्टेडियम अशोकनगर में, क्रिकेट मैच मुस्कान पब्लिक स्कूल में शब्बीर खान, अपूर्व चटर्जी, अमित नायक एवं सुजल शाक्य द्वारा एवं एथलेटिक्स खेल मोहरी स्टेडियम में बृजेश अहिरवार एथलेटिक्स कोच, पवन जाटव, गुंजन पटवा, अवंतिका शर्मा द्वारा संपन्न करवाए गए।

## रेस्ट हाउस की जगह का उपयोग अब लोक निर्माण विभाग ही करेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के बीचो-बीच स्थित लोक निर्माण विभाग का कार्यालय स्थित है यहां सहायक यंत्री के साथ कार्यपालन यंत्री का कार्यालय है और यहीं पर अंग्रेजी हुकूमत के समय की रेस्ट हाउस की इमारत बनी हुई है। इस स्थान को लेकर नगर पालिका पिछले काफी लंबे समय से यह प्रयास करती रही है कि यह स्थान नगर पालिका को हस्तांतरित किया जाए ताकि नगर पालिका यहां शहर के बीचों बीच एक शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कर सके, किंतु नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया का कहना है कि अब शासन ने यह निर्णय लिया है कि जिस विभाग की जमीन जिस विभाग की है उसका उपयोग वहीं विभाग कर सकेगा।

ऐसी स्थिति में उक्त भूमि जहां पर यह कार्यालय और रेस्ट हाउस बने हैं वह लोक निर्माण विभाग की होने के कारण यहां की जमीन का उपयोग अब लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जा सकेगा। अभी तक नगर पालिका उक्त स्थान को लेकर योजना बना रही थी और लगातार शासन से पत्र व्यवहार भी चल रहा था तथा संभावनाएं बताईं जा रही थी कि जल्दी ही यहां भूमि स्थानांतरित होने के बाद नगर पालिका शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कर सकती है। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा जो बताया गया है उसके अनुसार अब यहां नगर पालिका कोई कार्य नहीं कर सकेगी। यह स्थान लोक निर्माण विभाग का है और यहां लोक निर्माण विभाग के द्वारा ही उक्त भूमि का उपयोग किया जा सकता है। यहां पर आवासीय क्वार्टर भी है और लंबी चैड़ी भूमि शहर के बीचों बीच है। जबकि लोक निर्माण विभाग का नया भवन तुलसी सरोवर कॉलोनी के पास बन चुका है और संभावनाएं जताई जा रही है कि यह विभाग कभी भी नए भवन में स्थानांतरित हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पुराने स्थान का उपयोग भी लोक निर्माण विभाग को अपने अनुसार करना होगा। ऐसी स्थिति में जो पुराना रेस्ट हाउस बना हुआ है उसे बनाकर रखा जाना चाहिए, ताकि इस शहर की पहचान इस रेस्ट हाउस के माध्यम से हो सके और यह भवन इस शहर की प्राचीनता का प्रतीक बन सके। शहर में देखने में आ रहा है कि जितने भी पुराने भवन बने हुए हैं और सबके भवनों की डिजाइन लगभग एक जैसी है और एक ही प्रकार की तकनीक से बनाए गए हैं उसमें यह भवन भी शामिल है। जिससे यह लगता है कि सब एक ही अवधि के हैं चाहे वह डाक घर रहा हो या फिर रेस्ट हाउस रहा हो या फिर अन्य शासकीय भवन हो, सबकी तकनीक एक जैसी है।

### अंतिम संस्कार के लिए निजी खेतों और अन्य स्थानों पर निर्भर ग्रामीण

## विकास के दावों पर भारी जमीनी हकीकत, जिले के 9 गांव आज भी मुक्तिधाम से हैं वंचित

**अशोकनगर।** विकास, सुशासन और जनकल्याण के दावों के बीच अशोकनगर जिले की जमीनी सच्चाई चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है। जिले के नौ गांव ऐसे हैं, जहां आज भी मुक्तिधाम जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके चलते इन गांवों में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिजनों को सम्मान जनक अंतिम संस्कार के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।




हालात कई बार इतने गंभीर हो जाते हैं कि लोगों को मजबूरी में अपने खेतों या अन्य अस्थायी स्थानों पर अंतिम संस्कार करना पड़ता है, लेकिन इस दिशा में प्रशासन की ओर से ठोस पहल नजर नहीं आती। मिली जानकारी के अनुसार मुक्तिधाम के अभाव में शवों को कई किलोमीटर दूर दूसरे गांवों तक ले जाना पड़ता है। इस दौरान खेतों, पगडंडियों से होकर शव यात्रा निकाली जाती है, जिससे पहले से शोक में डूबे परिवारों की पीड़ा और बढ़ जाती है। कई मामलों में लोग अपने खेतों या अन्य स्थानों पर अंतिम संस्कार करने को विवश हो जाते हैं, जो सामाजिक और मानवीय दृष्टि से बेहद गंभीर स्थिति को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार अशोकनगर ब्लॉक के सेमरी शाहबाद और बमुरिया शाढोरा, चंदेरी ब्लॉक के जमाखेड़ी, बक्सनपुर, पांडरी, सिंहपुरचाल्दा, जमुसर शांतिनगर और भोजपुर गांव तथा मुंगावली ब्लॉक का सेमरीटंकी गांव आज भी मुक्तिधाम से वंचित हैं। इन गांवों में वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान सामने नहीं आया है। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। कीचड़, पानी और जर्जर रास्तों के बीच शव ले जाना जोखिम भरा होता है। ऐसे में निजी खेतों या अन्य अस्थायी स्थानों पर अंतिम संस्कार की नौबत आ जाती है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उक्त समस्या को लेकर कई बार लोग आवाज उठा चुके हैं पर कोई कार्यवाही फिल्हाल नहीं हुई है, विभाग द्वारा मुक्तिधाम के लिए जमीन आरक्षित किए जाने की प्रक्रिया प्रचलन में बताई जा रही है वहीं मुक्तिधाम निर्माण को लेकर समय-समय पर सर्वे, प्रस्ताव और प्रक्रियाओं की बात सामने आती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हो सका है। सड़क, बिजली और पानी की तरह मुक्तिधाम भी बुनियादी आवश्यकता है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में किसी परिवार को अपमान और असुविधा झेलनी पड़े, यह व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता है। जिले के इन नौ गांवों में तत्काल मुक्तिधाम निर्माण की आवश्यकता है, ताकि लोगों को इस पीड़ा से राहत मिल सके।

## आरबीएसके द्वारा बच्चों का हृदय रोग निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन 22 जनवरी को

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में तथा सीएमएचओ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में एक दिवसीय हृदय रोग से संबंधित मरीज उम्र (0से 18) निशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन आरोग्य भारती, लायंस क्लब, रघुवंशी युवा परिषद के संयुक्त सहयोग से किया जाएगा। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सौरभ शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी (गुरुवार) रघुवंशी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मुंबई के प्रसिद्ध चिकित्सालय एसआरसीसी नारायणा हेल्थ के बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रीतम सेन एवं टीम द्वारा बच्चों का संस्था द्वारा पूर्व में उपचारित बच्चों का फॉलोअप एवं हृदय रोग से पीड़ति बच्चों का उपचार/सर्जरी के लिए चिन्हित किया जाएगा।

## चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो का आयोजन



**अशोकनगर।** शिक्षा, संस्कृति और मानवीय सभ्यता की प्रेरणा श्रोत नारी शक्ति उपासना का पहला सोपान है, किसी भी राष्ट्र, समाज और परिवार की शिक्षा और धर्म संस्कृति का आधार ही हमारी माताएं बहिनें है नारियों के त्याग और समर्पण पर ही देश की प्रगति और निर्माण टिका है। चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो का आयोजन किया गया।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अखिल भारतीय संयोजिका, जन प्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग की डॉ. अनुराधा यादव एवं विश्व मांगल्य सभा के आयोजकत्व में एक गरिमामय एवं सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत आयोजन सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. अनुराधा यादव के निज निवास में आयोजित किया गया, जहाँ भारतीय परंपरा, नारी शक्ति और स्वदेशी संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुभ शुरुआत माँ भारती के सम्मुख धूप-दीप अर्पण एवं आराधना से हुई। इसके पश्चात फैशन शो की शुरुआत से पहले वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर एक स्वर में भारत माता के गीतों पर जयघोष किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा।

इस सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो रहा। ऑल इंडिया सिक्स याड्रूस की प्रेसिडेंट चेतना मिश्रा के सशक्त मार्गदर्शन में आयोजित इस शो में मध्यभारत के विभिन्न अंचलों से आई 100 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता कर भारतीय बुनकर परंपरा और साड़ी संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। ऑल इंडिया सिक्स याड्रूस के माध्यम से पारंपरिक हथकरघा, महिला सहभागिता और स्वदेशी वस्त्रों के संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। फैशन शो के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। चंदेरी क्वीन का खिताब रश्मि जैन को प्राप्त हुआ, जबकि फस्र्ट रनरअप सोनम प्रांजल जैन एवं सेकेंड रनरअप डॉ. शिवाली यादव रहीं। मोस्ट फोटोजेनिक फेस का पुरस्कार दीपा रघुवंशी, बेस्ट कॉस्ट्यूम भारती अग्रवाल, बेस्ट वॉक गंगा रघुवंशी तथा बेस्ट साड़ी का सम्मान प्रतिभा यादव को प्रदान किया गया। मोस्ट स्टाइलिश एवं बेस्ट स्टाइलिश अवॉर्ड मनीषा यादव को, वहीं बेस्ट वाइब्स का खिताब डॉ. मनीषा यादव को मिला,चंदेरी फ्यूज़न क्वीन सिम्मी जैन बेस्ट क्रिएटिव अवॉर्ड प्रिया खुराना, बेस्ट डिवा डॉ. अंतिमा यादव, चंदेरी डिवा बेस्ट स्टाइलिश डॉ. कीर्ति रघुवंशी तथा चंदेरी फ्यूजन क्वीन का सम्मान सिम्मी जैन को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि विधायक सीधी एवं पूर्व सांसद रीति पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीण तिवारी एवं डॉ. चेतना मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति से और अधिक बढ़ी। कार्यक्रम का संचालन सफेद शेरों की धरती से आईं, अपनी मधुर आवाज़ और शब्दों की स्वरसाधिका डॉ. आरती तिवारी ने किया। उनके सधे, भावपूर्ण एवं प्रभावशाली संचालन ने पूरे आयोजन को एक विशिष्ट गरिमा प्रदान की और कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया।

## भादोन मंडल संघ शताब्दी वर्ष विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न



**अशोकनगर।** भादोन मंडल संघ शताब्दी वर्ष विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद प्रांत अर्चक मंदिर संपर्क प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा थे।

उन्होने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश में समाज में जिस प्रकार से राष्ट्र विरोधी तत्व आजादी के पूर्व देश को विभाजन का जो षड्यंत्र रच रहे थे। आज इस षड्यंत्र को दोहराया जाने का प्रयास किया जा रहा है जातियों के नाम पर उच्च नीच के नाम पर हमारे समाज को हमारे गांव को बांटा जा रहा है। इसलिए आज समाज को सचेत होने की आवश्यकता है। हम सब भगवान राम कृष्ण के वंशज हैं। हमारे वेद में कर्म के आधार पर व्यवस्थाएं थी जाति के आधार पर व्यवस्था नहीं थी परंतु मुगल अंग्रेज आए उन्होंने हमको जातियों में बांट दिया यह खाई बढ़ती जा रही है इसको रोकना पड़ेगा। यदि हमारे गांव को बचाना है तो आज बड़ा चिंता का विषय है कि हमारे देश के 100 से अधिक जिले ऐसी हो गए हैं जहां भारत माता की जय बोलने वाले की संख्या घट गई है वह रामनवमी का जुलूस नहीं निकल पाते हिंदू सम्मेलन नहीं कर सकते नहीं तो पत्थर बर्ष जाते है इसलिए हमें अपने मंडल को बचाना है अपने गांव-गांव में समरसता लाना होगी। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन का जो अहवान किया है उसका संकल्प लिया और कहा की जात-पात की करो विदाई हिंदू हम सब भाई-भाई। इस अवसर शोभा पर यात्रा निकाली गई जो ग्राम के मंदिर होते हुए सम्मेलन प्रांगण में आई जहां गौ माता की पूजन की गई। इसके बाद मंच अशीन पूज्य संत 108 महंत कृपाल दास जी महाराज सिंह समाजसेवी रतन सिंह मातृशक्ति के रूप में पपीता बाई, शगुन बाई पार्टी लखविंदर कौर मंचसीन रहीं। कार्यक्रम का आभार समाजसेवी शीतल सिंह संधू ने किया। स्वागत राजू पारदी राजेंद्र सिंह बबलू यादव सरपंच द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंदन सिंह ने किया।

## ग्रामोदय से ही होगा अभ्युदय मध्यप्रदेश का निर्माणः अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान अंतर्गत रविवार को शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर डीएन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र रघुवंशी समाजसेवी ने की,विशिष्ट अतिथि रूप में महेंद्र सिंह रघुवंशी हार्डफुलनेस,बलवीर सिंह यादव स्वदेशी जागरण सहसंयोजक ,कृष्णवीर यादव जीनियस कोचिंग संचालक सुरभि नामदेव ,अवतार सिंह राजपूत पूर्व सरपंच तूमैंन की उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती से लेकर 26 जनवरी तक संपूर्ण मध्य प्रदेश में चलाया चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामों में ग्राम उत्सव मनाते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, परामर्श दाता एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।कार्यक्रम में 19 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें नवांकुर, प्रस्फुटन एवं सीएमसीएलडीपी छात्र शामिल रहे। नवांकुर संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सिंदूर के पौधे तथा गमछा देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डीएन सिंह ने कहा कि समय एक ऐसा संसाधन है जिसे कभी वापस नहीं पाया जा सकता। इसका उपयोग केवल स्वयं की उन्नति के लिए ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए करना अनिवार्य है। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि पहली बार रक्तदान करने से डरे नहीं बल्कि साहस दिखाकर रक्तदान करे। रक्तदान जीवन बचाने का एक अमूल्य कार्य है,जो दुर्घटना पीड़तिों, सर्जरी मरीजों, कैंसर रोगियों और थैलेसीमिया व सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों की मदद करता है, साथ ही यह दानकर्ता के हृदय स्वास्थ्य में सुधार, नए रक्त कोशिकाओं के निर्माण करता है। हार्टफुलनेस के जिला संयोजक महेंद्र रघुवंशी ने बताया कि ध्यान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता और प्रभावशीलता है। इसके नियमित अभ्यास से न केवल तनाव कम होता है, यह हमें यह सिखाता है कि जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर की स्थिरता में छिपा है, जिसका स्वामी विवेकानंद जीता जागता उदाहरण है। स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक बलवीर यादव ने स्वदेशी अपनाओ और देश बचाओ की अवधारणा लेकर आज के युवाओं को विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने का आह्वान किया। कृष्णवीर यादव ने आज की युवा पीढ़ी की संगति ओर मोबाइल के दुरपयोग के बारे में बताया। परिषद् द्वारा सुरभि नामदेव और कृष्णवीर यादव को प्रतिभा सम्मान के तहत सम्मानित किया गया तथा सुरभि नामदेव द्वारा बताया गया बिना कोचिंग के उच्च स्थान कैसे हासिल कर सकते इसकी जानकारी दी। इसके अलावा रक्तदाताओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रचना गुप्ता एवं आभार भूपेंद्र रघुवंशी ने किया। इस कार्यक्रम विकासखंड अशोकनगर की समस्त नवांकुर संस्थाओं के अध्यक्ष सचिव, समस्त मेंटर्स, समस्त प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव सदस्यगण एवं सीएमसीएलडीपी छात्र सहित 200 प्रतिभागी मौजूद रहे।


### जिला अस्पताल में हो रही सीटी स्कैन और पैथॉलौजी कंपनी के बिलों में 50 प्रतिशत तक की आई कमी

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने सरकारी पैसे की अनियमितता पर लगाया अंकुश

**सीएमएचओ और सिविल सर्जन दोनों ने कहा फिजूलखर्ची रोकने के प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयास रंग लाने लगे हैं। जिससे महीनों से हो रही फिजूल जॉचों पर अधिकारियों ने अंकुश लगाते हुए सरकार का लाखों रूपए बचाने का प्रयास किया है। एक ओर जहां पर पैथालॉली एवं सिटी स्कैन में जहां लाखों रूपए का बिल प्रतिमाह संबंधित कंपनियों को दिया जाता था वहीं आज स्थिती यह है कि उन्हीं का बिल लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो गया है । तब इस बारे में संबंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होने बताया कि पहले न चाहते हुए भी कई मरीजों की जांचे बिना बजह की जा रहीं थी जिसको लेकरहमने संबंधित डॉक्टर से बात करके इसकों उपयोगिता के अनुसार जांच करवाने की बात कहीं जिस पर समस्त मेडीकल स्टॉफ ने अपनी सहमती दी जिससे यह काम संभव हो पाया। आज स्थिती यह है कि वास्को सिटी स्कैन एवं भोपाल की पैथालॉजी कंपनी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी की कार्यशैली में परिवर्तन आया है और जांच का दायरा कम होते हुए सरकार का लाखों रूपए बचाने के प्रयास किए जा रहे है।



TAX INVOICE
POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD (FY 25-26)
Sector 1, 17/1, Shanti Niketan Colony
Bhopal, MP-462023
GSTIN/UIN: 23AAKCP2939C1ZL
State Name: Madhya Pradesh, Code: 23
Email: accounts@shmpl.com
Invoice No.: PSHPL25-26-00534 Dated: 31/10/2025
Reference No. & Date: PSHPL25-26-00534 dt. 31/10/2025
Bill To:
DISTRICT GOVT. HOSPITAL-RAJGARH
RAJGARH, 465661
GSTIN: 23BPLC01849B1DP
State Name: Madhya Pradesh
Billing Period: 01 Oct 2025 to 31 Oct 2025

| S.No. | Description of Services | HSN/SAC | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Service Provider on Wet Lease Basis Reagent Rental | 999316 | 2216934.00 |
| | Output CGST | | 199524.06 |
| | Output SGST | | 199524.06 |
| | Round Off | | 0.00 |
| | Total | | 2615982.00 |

Amount Chargeable (in words): INR Twenty Six Lakh Fifteen Thousand Nine Hundred Eighty Two Rupees Only E. & O.E

| HSN/SAC | Taxable values | CGST Rate | CGST Amount | SGST Rate | SGST Amount | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 999316 | 2,216,934.00 | 9% | 199,524.06 | 9% | 199,524.06 | 399048.00 |
| Total | 2,216,934.00 | | 199,524.06 | | 199,524.06 | 399048.00 |

Tax Amount (in words): INR Three Lakh Ninety Nine Thousand Forty Eight Rupees Only
Company's PAN: AAKCP2939C
Declaration We declare that this invoice shows the actual price of the goods described and that all particulars are true and correct
FOR POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD- BHOPAL (FY 25-26)
Authorised Signatory
Note:
1. Make all cheques/NEFT/RTGS payable to POCT Science House Pvt Ltd
2. Bank Name: HDFC Bank, Account No.: 50200041752391, IFSC: HDFC0009367
AUTHORISED SIGNATORY
NODAL OFFICER / PATHOLOGIST
Page 1 of 6


TAX INVOICE
POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD (FY 25-26)
Sector 1, 17/1, Shanti Niketan Colony
Bhopal, MP-462023
GSTIN/UIN: 23AAKCP2939C1ZL
State Name: Madhya Pradesh, Code: 23
Email: accounts@shmpl.com
Invoice No.: PSHPL25-26-00449 Dated: 30/09/2025
Reference No. & Date: PSHPL25-26-00449 dt. 30/09/2025
Bill To:
DISTRICT GOVT. HOSPITAL-RAJGARH
RAJGARH, 465661
GSTIN: 23BPLC01849B1DP
State Name: Madhya Pradesh
Billing Period: 01 Sep 2025 to 30 Sep 2025

| S.No. | Description of Services | HSN/SAC | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Service Provider on Wet Lease Basis Reagent Rental | 999316 | 2369104.00 |
| | Output CGST | | 213219.36 |
| | Output SGST | | 213219.36 |
| | Round Off | | 0.50 |
| | Total | | 2795542.00 |

Amount Chargeable (in words): INR Twenty Seven Lakh Ninety Five Thousand Five Hundred Forty Two Rupees Only E. & O.E

| HSN/SAC | Taxable values | CGST Rate | CGST Amount | SGST Rate | SGST Amount | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 999316 | 2,369,104.00 | 9% | 213,219.36 | 9% | 213,219.36 | 426439.00 |
| Total | 2,369,104.00 | | 213,219.36 | | 213,219.36 | 426439.00 |

Tax Amount (in words): INR Four Lakh Twenty Six Thousand Four Hundred Thirty Nine Rupees Only
Company's PAN: AAKCP2939C
Declaration We declare that this invoice shows the actual price of the goods described and that all particulars are true and correct
FOR POCT SCIENCE HOUSE PVT LTD- BHOPAL (FY 25-26)
Authorised Signatory
Note:
1. Make all cheques/NEFT/RTGS payable to POCT Science House Pvt Ltd
2. Bank Name: HDFC Bank, Account No.: 50200041752391, IFSC: HDFC0009367
AUTHORISED SIGNATORY
NODAL OFFICER / PATHOLOGIST

### लाखों रुपए के बिल हुए आधे

जिला अस्पताल में काम करने वाली पूंरा लिं कंपनी भोपाल की पैथालॉजी कंपनपी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी एवं वास्कों सिटी स्कैन द्वारा पूर्व में लाखों रूपए के बिल दिए जा रहे थे जो बिना किसी रोक-टोक के पास भी हो रहे थे परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा एवं सीएमएचओं डॉ शोभा पटेल के प्रयासों से हाल ही के महीनों में इन्हीं कंपनियों के बिल लगभग आधे हो चले है । जिला मुख्यालय में पर यह पहली बार है कि संबंधित कंपनियों की बिल राशि लगभग आधी हो गई है जिससे सरकार को आने वाले सालों में करोडों रूपए की राशि की बचत होगी।

**एक निगाह इन आंकडों पर**

### भोपाल की पैथालॉजी कंपन पी पोक्ट साइंस हाउस प्रा लिमी द्वारा दिए गए बिल की राशि

- दिसंबर में राशि - 19 लाख 55 हजार
- नवंबर में राशि - 23 लाख 64 हजार
- अक्टूबर में राशि - 28 लाख 15 हजार
- सितंबर में राशि - 27 लाख 95 हजार

यह आंकडे यह बताने के लिए काफी है कि यदि किसी विभाग की व्यवस्था बदतली है तो बहुत कुछ बातें अच्छी भी होती है । उपरोक्त ऑकडें यह बता रहे है कि जिस कंपनी का बिल 28 लाख के आसपास रहा वह दिसंबर में 19 लाख 55 हजार तक आ गया जिससे यह कहा जा सकता है कि अधिकारी चाहें तो कंपनियों की बिलिंग को कम किया जा सकता है।

### सिटी स्कैन का बिल भी हुआ आधा

सालों से जिला अस्पताल में चल रही वास्कों कंपनी की सिटी स्कैन पर भी अधिकारियों ने अंकुश लगाकर उसके बिल को लगभग आधा कर दिया है सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि हमने नोटिस जारी कर फिजूल हो रही जाचों पर प्रतिबंध लगाने की बात कहीं है जिसमें समस्त डॉ का सहयोग मिल रहा है और हम शासन का पैसा बचाने के लिए लगातर प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में वास्कों को मासिक बिल भी लगभग 50 प्रतिशत तक कम हुआ है ।

# सीआरपीएफ जवान की बाइक पेड़ से टकराई, तोड़ दिया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

मेरी पत्नी खाना लेकर बेटी होगी कह कर निकले जवान सीआरपीएफ जवान की हुई मौत बाइक पेड़ से ट्रक घर पर पत्नी खाना लेकर इंतजार कर रही होगी... यह कहकर दोस्त से विदा लेने वाले सीआरपीएफ जवान को शायद अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी जिंदगी की आखिरी बात साबित होगी। पांच दिन की छुट्टी लेकर गांव लौट रहे सीआरपीएफ जवान की शनिवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई।

मृतक की पहचान हालाहेड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेश वर्मा के रूप में हुई है, जो वर्तमान में भोपाल में सीआरपीएफ में पदस्थ था। हादसा हालाहेड़ी गांव से महज डेढ़ किलोमीटर पहले तालाब के पास मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे नीम के पेड़ से टकरा गई।



### भोपाल से बाइक से निकले थे दोनों दोस्त

सुरेश वर्मा शनिवार को पांच दिन की छुट्टी लेकर भोपाल से गांव लौट रहा था। उसके साथ सीआरपीएफ में ही पदस्थ उसका दोस्त रामेश्वर दांगी भी था, जो हिनोत्या गांव का निवासी है। दोनों दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बाइक से रवाना हुए थे। रामेश्वर दांगी के मुताबिक, रास्ते में सुरेश की पल्सर बाइक के हैंडल और कुछ पार्ट्स ढीले महसूस हो रहे थे। एहतियात के तौर पर दोनों एक शोरूम पर रुके और मैकेनिक से बाइक की मरम्मत करवाई। इसके बाद वे धीरे-धीरे आगे बढ़े। शाम करीब साढ़े 7 बजे खिलचीपुर पहुंचकर सब्जी भी खरीदी।

### घर में इंतजार, अस्पताल से आई मौत की खबर

सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। सुरेश को तुरंत खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस वक्त घर में उसके आने की तैयारी चल रही थी, उसी समय अस्पताल से मौत की खबर पहुंची। गांव में जवान की मौत से शोक का माहौल है। सीआरपीएफ जवान सुरेश वर्मा एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके पिता बापू वर्मा खेती-किसानी करते हैं। परिवार में मां, बड़े भाई मुकेश वर्मा और अन्य परिजन हैं। सुरेश की शादी वर्ष 2009 में भूमका गांव निवासी रीना वर्मा से हुई थी।

## हिन्दू सम्मेलन में ध्वज और कलश निकालकर किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

भोजपुर मंडल का हिंदू सम्मेलन के निमित्त भुमिपूजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में चल रहे हिंदू सम्मेलन की भोजपुर मंडल का हिंदू महासम्मेलन 27 जनवरी 2026 मंगलवार को बालाजी महाराज की डूंगरी में संपन्न होगा। जिसके निमित्त श्रीराम मंदिर से कलश व ध्वज यात्रा प्रारंभ होकर श्री बालाजी महाराज मन्दिर डूँगरी पर भुमिपूजन कार्यक्रम हुआ।जिसमे मंडल के सभी गांवों के सभी समाज के सामजिक बंधु मौजूद थे। कार्यक्रम में संघ के विभाग कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी समाज को साथ में लेकर, समरसता का भाव भरते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने कार्यों में उतारते हुए सभी कार्य किए जाने चाहिए।

### श्मशान के अभाव में अंत्येष्टि को तरस रहे ग्रामीण, अनदेखी बनी सबब

# ग्राम पगारी में श्मशान के अभाव से ग्रामीणों को परेशानी, आवंटित भूमि भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के ग्राम पगारी में शमशान (मुक्तिधाम) की उचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को आए दिन गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिजनों को सम्मानजनक स्थान तक भी कठिनाई से पहुंचना पड़ता है, जिससे शोक की घड़ी और अधिक पीड़ादायक बन जाती है।



ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लिए जो भूमि शमशान हेतु आवंटित की गई है, वह वर्तमान में पूरी तरह उपेक्षित अवस्था में है। उस भूमि पर चारों ओर कांटेदार झाड़ियां उगी हुई हैं, जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं और समतलीकरण का कोई कार्य नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब पानी भर जाने से वहां पहुंचना तक संभव नहीं हो पाता। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार अंतिम संस्कार के समय उचित स्थान न मिलने के कारण उन्हें अस्थायी और असुविधाजनक स्थानों पर संस्कार करना पड़ता है, जो न केवल परंपराओं के विरुद्ध है बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर तारागंज में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन, समरसता सहभोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्यावरा जिले के अंतर्गत सारंगपुर खंड के ग्राम तारागंज में रविवार को भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा गांव भगवा ध्वजों, तोरणों एवं धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः सनातन संस्कृति से ओतप्रोत दिखाई दिया।




कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर सम्मेलन स्थल तक पहुंची, कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जहां विधिवत पूजन-अर्चन एवं मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच पर संत लक्ष्मी नारायण बैरागी संत मांगीलाल बैरागी संत राधेश्याम विश्वकर्मा सहित अन्य साधु-संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिनके आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन मिला। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रचारक विश्वास सिह ने अपने उद्बोधन में संघ के 100 वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, हिंदू एकता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटे सहित तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां बेटा सहित सड़क किनारे खड़ा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हुकुमसिंह पिता बीरम सौंधिया 35 अपनी मां गंगाबाई सौंधिया 55 निवासी हयातपुरा बाइक से राजगढ़ की ओर जा रहे थे उसी दौरान बामलाबे जोड़ के तेज रफ्तार कर ने बाइक को टक्कर जिसमे मां बेटे सहित सड़क किनारे खड़ा युवक



कल्लू पिता छोटेलाल जाटव 30 गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। दोनों घायल मां बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। घायल कल्लू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची, जहां घायलों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## चीनी वस्तुओं का किया बहिष्कार, रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विशाल हिंदू सम्मेलन के निमित्त नगर खुजनेर में 10 दिनों तक अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे शनिवार को भव्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।



रविवार को छत्रपति शिवाजी बस स्टैंड परिसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा में विदेशी वस्तुओं एवं चीन के प्रोडक्ट का बहिष्कार किया गया और स्वदेशी अपनाओ दिवस मनाया गया है जिसमें प्रांत बौद्धिक प्रमुख प्रमोद पंवार सहित नगर के व्यापारी बंधु और सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे,मुख्य वक्ता के रूप में धर्मजागरण विभाग प्रमुख गजराज सिंह राजपूत ने बताया कि समस्त भारत वासियों को स्वदेशी वस्तुओं की और लौटना पड़ेगा तब जाकर हम भारत को एक भव्य राष्ट बना सकेंगे हम लोगों को स्वयं पर निर्भर होना पड़ेगा हमें विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं करना है वही पर्यावरण को लगातार हमें सुरक्षित रखना चाहिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष बना रहा है संघ के पांच प्रमुख बिंदु हैं पर्यावरण समरसता कुटुंब प्रबोधन स्वदेशी इन सभी विचारों पर संघ लगातार कार्यरत है।

# भव्य हिन्दू समागम सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

रविवार को पीलूखेड़ी मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम गीलाखेड़ी में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के समाजबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर धर्म, संस्कार, संगठन और समरसता का बातावरण देखने को मिला। वक्ताओं ने हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन-कुटुंब



प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य पर अपने विचार रखे। वही ऊपर उठकर संगठित रहने, परिवार एवं समाज में समरसता बनाए रखने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने सहभागिता की।

## जन अभियान परिषद ने ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत की गई संगोष्ठी आयोजित

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण सहभागिता को सशक्त बनाना तथा सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समग्र ग्राम विकास की दिशा में जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महादेव मित्र मंडल के संगठन मंत्री समाजसेवी दिनेश सिसौदिया ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## भगवान के भरोसे जिनकी नाव चले उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकताः आचार्य सोनू

**जीरापुर।** नगर के पिपल्या रोड़ श्री बागवाले हनुमान मंदिर गोप चैहान जी महाराज पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यास आचार्य पंडित सोनू शर्मा कुरावर के मुखारविंद से श्रोताओं को श्रवण कराते हुए बताया कि भगवान के भरोसे जिसकी नाव चले उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उन्होंने बताया कि अश्वत्थामा ने जो प्रतिज्ञा कर पाण्डव के सिर काटना चाहे लेकिन भगवान कृष्ण साथ उनका आशीर्वाद से पाण्डव के सिर बच गए और अंत ऐसा हुआ कि दुर्योधन का ही प्राणांत हुआ। द्रोपदी प्रसंग को विस्तार से सुनाया। ब्रह्म हत्या ना करनी चाहिए न कभी होने देना चाहिए यह सबसे बड़ा पाप है।

### कालीपीठ में आयोजित हो रहा है एनएसएस का शिविर

# विद्यार्थियों ने गांव में साफ-सफाई करके दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) ईकाई के तत्वावधान में समीपस्थ ग्राम कालीपीठ में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तहत गांव में रविवार को स्वच्छता जागरुकता से जुड़ी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गांव के विभिन्न मोहल्लों, चैक-चैराहों पर पहुंचकर हाथ में झाडू उठाते हुए साफ-सफाई की। बस स्टैंड पर हुए स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ कचरा सहित आसपास फैली पॉलीथीन को समेटते हुए सफाई के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। इस




दौरान संगठन प्रभारी डॉ. शैलेंद्र मेवाड़ा ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया। सफाई अभियान उपरान्त विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता को ही संबंध में गाव में एक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नारे लगाते हुए स्थानीय रहवासियों से अपने आसपास एवं क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों में आनंद शर्मा, तुषार साहू, गोविंद गुर्जर, राजमोहन नरवरिया, शिवानी सूर्यवंशी, अनीता तंवर, आकांक्षा खरे सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आज सोमवार को विविध कार्यक्रमों उपरान्त शिविर का समापन होगा।

## हाटकेश्वर धाम समिति ने किया सम्मान




**ब्यावरा ।** हाटकेश्वर धाम समिति कचनारिया के द्वारा नगर के सिस्टर निवेदिता विधालय एवं विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल की ब्राच 1 व 2 द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर जो झांकियां प्रस्तुत की थी उससे प्रभावित होकर हाटकेश्वर समिति के सदस्यों ने स्कूल की दोनों ब्रांच को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर हाटकेश्वर समिति के अध्यक्ष रमेश नागर,बी के शर्मा,दीपक नायक , अशोक दुबे, गिरिराज शर्मा,सन्तोष अवस्थी, बृजेश त्रिवेदी, रामदयाल पालीवाल कचनारिया, रामनारायण चन्द्र वंशी, हरिनारायण चन्द्र वंशी, सहित स्कूल स्टाफ सम्मिलित रहा।

### जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास ने दिए संकेत

# छत्तीसगढ़ राज्य के बगिया क्षेत्र में बनेगा मोहनपुरा जैसा मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश की सीमा से सटे छत्तीसगढ़ राज्य का एक दल मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजना के तकनीकी समेत सभी पहलुओं को जानने, समझने जिले के दो दिवसीय दौरे आया हुआ है। 58 सदस्यीय इस दल में छग के जशपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास भी शामिल हैं। मोहनपुरा जैसी प्रेशराईज्ड सिंचाई प्रणाली को जशपुर जिले के बगिया क्षेत्र में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत लघु सिंचाई परियोजना के रूप में अपनाया जाने वाला है। करीब 13 गांवों को मिलाकर बन रही इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के बाद छत्तीसगढ़ राज्य में मोहनपुरा की तरह वृहद सिंचाई परियोजना भी बन सकती है। इस बात के संकेत जशपुर कलेक्टर श्री व्यास ने दिए हैं। उक्त लघु परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए मोहनपुरा बांध प्रबंधन ईकाई के अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

### दल के सदस्यों ने लाभान्वित ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन इस दल ने रविवार को फतेहपुर, धोबीपुरा, नयागांव, मुंडी सहित सूरजपुरा एवं आसपास के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान दल ने किसानों को आ रही कुछ परेशानियों एवं उनसे निपटने के तरीके भी जाने। परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने छत्तीसगढ़ से आए दल से कहा कि सिंचाई का हमारा लक्ष्य पूरा हो गया है। अब हम सिंचाई का अतिरिक्त रकबा बढ़ाकर किसानों को और भी लाभान्वित करेंगे। हमारा शत प्रतिशत लक्ष्य इस साल पूरा होने को आया है अब और दूर दराज के छोटे क्षेत्र में पानी ले जाने हम प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ से आए दल ने जिले में दो दिनों तक भ्रमण कर जल उपयोग दक्षता और जल प्रबंधन के लिए परियोजना को भलेहीं ही बारीकी से समझ लिया हो, लेकिन क्षेत्र विकास को ऊंचाई पर ले जाने ओर लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने कई मानव प्रयास करने होंगे।